बिहार स्टेट टुरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0 पटना।

दिनांक– 08.10.2024 को मुख्य अभियंता, बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना की अध्यक्षता में DEVELOPMENT FOR GATE AND ILLUMINATION AT VAISHNO MATA TEMPLE, GAYA के निर्माण कार्य हेतु कार्यपालक अभियंता से प्राप्त तकनीकी बीड के तुलनात्मक विवरणी पर विचार हेतु तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति :

1. मुख्य अभियंता, (BSTDCL, Patna)
2. उप महाप्रबंधक (वि० एवं ले०), (BSTDCL, Patna)
3. कार्यपालक अभियंता (दक्षिण), (BSTDCL, Patna)
4. सहायक अभियंता, (BSTDCL, Patna)

2. कार्यपालक अभियंता, बिहार स्टेट टुरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0, से प्राप्त तकनीकी बीड सम्बन्धित सूचनाओं की विवरणी निम्नवत् है :–

2.1	कार्य का नाम	DEVELOPMENT FOR GATE AND ILLUMINATION AT VAISHNO MATA TEMPLE, GAYA. (TENDER NO. 02/Re-E-TENDER/ BSTDC/ 2024-25)
2.2	निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम	मुख्यालय / प्रमंडल स्तर से निविदा आमंत्रित
2.3	प्रशासनिक अनुमोदन की राशि एवं प्रसंग	रू० 47.44 लाख, पत्रांक–614 / प०वि०, पटना, दिनांक–12.03.2024
2.4	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	रू० 47.44 लाख, दिनांक–11.03.2024
2.5	परिमाण विपत्र की राशि	रू० 38.12 लाख
2.6	कार्य समाप्ति की अवधि	6 माह
2.7	निविदा की प्रक्रिया	ई–टेन्डरिंग
2.8	निविदा प्राप्ति की तिथि	दिनांक–11.07.2024
2.9	प्राप्त निविदा की संख्या	दो अद्द यथा:– (i) Ranjeet Kumar, Maner, Patna (ii) ACE Construction Pro- Vijay Kumar Gupta, Sri Krishnapuri, Patna.
2.10	कार्यपालक अभियंता द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन की तिथि	दिनांक–08.10.2024
2.11	परिवाद की स्थिति	कोई परिवाद प्राप्त नहीं है।

(111)

2.12 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण — पुनर्निविदा है। प्रथम आमंत्रित निविदा में किसी निविदादाता द्वारा भाग नहीं लिया गया।

3. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य :–

दिनांक– 27.09.2024 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में कार्यपालक अभियंता, बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना द्वारा निविदा में शामिल कुल दो निविदाकारों द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। दोनों निविदादाताओं के अनुभव प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु संबंधित विभागों को पत्र भेजा गया। निविदादाता Ranjeet Kumar, Maner, Patna द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन संबंधित विभाग से हो गया है। दुसरे निविदादाता ACE Construction, Patna. द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र के सत्यापन हेतु संबंधित विभागों को पत्र भेजा गया है, परन्तु सत्यापन अद्यतन अप्राप्त है। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जाँच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र की जाँच में यदि अनुभव प्रमाण–पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दो निविदाकारों के तकनीकी बीड के अभिलेखों की जाँच की गई है, जिसका विवरण निम्न है :–

प्रथम निविदाकार– Ranjeet Kumar, Maner, Patna द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जाँचोपरान्त निविदा में इनका Bid **"रिसपान्सिव"** है।

द्वितीय निविदाकार–ACE Construction Pro- Vijay Kumar Gupta, Sri Krishnapuri, Patna. द्वारा ब्लैकलिस्टिंग और डिबार से संबंधित शपथ पत्र समर्पित नहीं किया गया। अतः इनका बीड **"नॉन–रिसपॉन्सिव"** है।

4. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय :–

सम्यक विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) Ranjeet Kumar, Maner, Patna को इस निविदा के लिए सफल एवं (2) ACE Construction Pro- Vijay Kumar Gupta, Sri Krishnapuri, Patna. को इस निविदा के लिए असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है, साथ ही तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय पर आपत्ति दर्ज करने हेतु दिनांक– 14.10.2024 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय। यदि किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है तो तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति बैठक कर आपत्ति का निस्तार करेगी, अन्यथा निविदादाता Ranjeet Kumar, Maner, Patna के तकनीकी बीड को **"रिसपॉन्सिव"** मानने की अनुशंसा की जाती है।

8/10/2024	8/10/24	8.X.24	8/10/24
सहायक अभियंता	कार्यपालक अभियंता	उप–महाप्रबंधक (वि० एवं ले०)	मुख्य अभियंता
BSTDCL	BSTDCL	BSTDCL	BSTDCL